ब्रीफ न्यूज

जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ की गई छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा

पटना (रासासं): अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा विभाग के अन्तर्गत कार्यान्वित/संचालित छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा जिला रूतरीय पदाधिकारियों के साथ किया गया। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत जिलों को आवंटित राशि के व्यय की समीक्षा के क्रम में जिन जिलों का वितरण प्रतिशत आवंटित राशि का 75 प्रेतिशत से कम व्यय है उन्हें वितरण में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्रा को 15,000/- (पद्रह हजार रुपए) की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाता है। इस योजना के क्रियान्वयन में खगड़िया, कैमुर, लखीसराय, बक्सर, रोहतास तथा अररिया जिला का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।

हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार, लोडेड पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद

पटना (रासासं): नेउरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एक लोडेड पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद हुआ है। 2 अपराधी मौके से भागने में कामयाब रहा। जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।गिरफ्तार अपराधी की पहचान बसौढ़ा गांव निवासी दामोदर सिंह के पुत्र बबलू सिंह उर्फ बंटी के के तौर पर हुई है। दानापुर डीएसपी-2 पंकज मिश्रा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि श्रीचंद्रपुर गांव के पासवान चौक पर कुछ अपराधी एक युवक को जान से मारने की धमकी दे रहा था। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे।उन्होंने आगे कहा कि पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगा। टीम ने खदेड़कर एक को पकड़ लिया, जबकि 2 अपराधी भागने में कामयाब रहा। तलाशी के दौरान लोडेड पिस्टल मिला है। फरार अपराधियों की पहचान हो गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सभी का क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

सीनियर सर्किल मैनेजर डोर टू डोर सुनेंगे शिकायत

पटना (रासासं): स्मार्ट बिजली मीटर पर घिरी सरकार नया प्रयोग करने जा रही है। तकनीकी पहलुओं और लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सीनियर सर्किल मैनेजर कंज्यूमर के घर तक जाएंगे। घूम-घूम कर लोगों को समझाएंगे। शिकायतों को दूर करेंगे। ऊर्जा सचिव पंकज पाल ने सीनियर सर्किल मैनेजर की ड्यूटी लगा दी है।विद्युत भवन में अंचल में काम कर रहे वरीय प्रबंधक राजस्व को स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली के विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद सभी सीनियर मैनेजर अपने-अपने अंचलों में जूनियर इलेक्ट्रिक इंजीनियर, सहायक विद्युत अभियंता और असिस्टेंट आइटी मैनेजर को स्मार्ट मीटर प्रणाली की बारीकियों से अवगत कराएंगे।इस अवसर पर बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पंकज कुमार पाल, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार, दोनों बिजली कंपनियों के निदेशक और सीनियर ऑफिसर मौजूद रहे।सीएमडी पंकज कुमार पाल ने सभी वरीय प्रबंधक राजस्व को अपने अंचल में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के मोबाइल में 'कंज्यूमर एप' इंस्टॉल कराने का निर्देश दिया है। साथ ही इस एप के इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी सुनिश्चित करेंगे। उपभोक्ताओं की शिकायतों की समीक्षा कर जल्द से जल्द समाधान करने को भी कहा है।स्मार्ट मीटर से संबंधित जागरूकता अभियानों में तेजी लाने की आवश्यकता है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इससे फायदा हो सके। वरीय प्रबंधकों को निरीक्षण के लिए एक वाहन भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जिससे वे अपने अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं से मिल सकेंगे और उनके अनुभवों का सीधा संज्ञान ले सकेंगे।उन्होंने आगे कहा कि स्मार्ट मीटर प्रणाली से उपभोक्ताओं को बिलिंग की पारदर्शिता, प्रीपेड सुविधा और बिजली उपयोग की निगरानी का लाभ मिलेगा। उपभोक्ता अपने बिजली खर्च पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे। अनियमितताओं से बचने में सक्षम होंगे। इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ता सेवाओं में सुधार करना और तकनीक की मदद से विद्युत वितरण प्रणाली को मजबूत करना है।

संपतचक में बना बिहार का सबसे ऊंचा पूजा पंडाल

पटना (रासासं): संपतचक बाजार में बिहार का सबसे ऊचा पूजा पंडाल बना है। पंडाल की ऊंचाई 151 और चौड़ाई 80 फिट है। इसे पूरे डेढ़ महीने में जमताड़ा झारखंड के 15 कारीगरों ने बनाया है। पंडाल की भव्यता और सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।आसपास के अलावा पास के सटे अनुमंडल और जिलों से भी लोग इस पंडाल को देखने आ रहे हैं। पूरे पंडाल को एशिया के बड़े मंदिरों में से एक बेगूसराय के बिहट में स्थित सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। दावा किया जाता है कि इससे ऊंचा मंदिर माता का पूरे एशिया में नहीं है। नवरात्र के समय में यहां भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है।पंडाल बनाने वाले सभी कारीगर मुस्लिम समाज से हैं। निर्माण कार्य के दौरान अंडा, मीट, मछली का सेवन नहीं करते हैं। पूरे सात्विकता के साथ पंडाल बनाते हैं। कारीगर मुजफ्फर अंसारी ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से सिर्फ पंडाल बनाने का काम करते आ रहे हैं। इस दौरान शाकाहारी भोजन करते हैं।शाहबुद्दीन अंसारी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से पंडाल बनाते आ रहे हैं। सात्विकता का पूरा ख्याल रखते हैं। इसी तरह से मोबारक ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को निभाते आ रहे हैं।मुख्य आयोजक सदस्यों में शामिल मुकेश कुमार ने बताया कि जब यहां कुछ नहीं था। सिर्फ गांव हुआ करता था। तब से हमारे पूर्वज यहां पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित करके पूजा करते आ रहे हैं। वर्ष 1971 से यह परंपरा चल आ रही है। 40 से 50 गांव के लोग यहां पहुंचते हैं।कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि पंडाल बनाने की लागत 30 से 35 लाख रुपए तक है। उंचाई लगभग 151 फीट है। जो पूरे बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल है। पिछले वर्ष अक्षर धाम मंदिर के तर्ज पर पंडाल बना था।

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के साथ डा. प्रेम कुमार ने की बैठक, कहा-

सरकार पैक्स को बहुद्देशीय बनाने की दिशा में तेजी से कर रही कार्य

सहकारी संस्थाओं की मजबूती प्रदान करने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजना

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने मंगलवार को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के साथ ऑनलाईन बैठक किया गया, जिसमें राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रमुख कार्यों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित धर्मेन्द्र सिंह, सचिव सहकारिता विभाग, बिहार सरकार एवं सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा बताया गया कि सहकारिता के क्षेत्र संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस क्रम में सचिव सहकारिता विभाग भारत सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड, नेशनल को.ऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, भारतीय बीज सहकारी समिति जैसे संस्थानों का गठन किया गया है।

भारत में कुल 82 योजनाओं में निवेश

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी की ओर से उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जापान सरकार एजेन्सी के माध्यम से भारत में कुल 82 योजनाओं में निवेश कर रही है। बिहार के विभिन्न योजनाओं में राज्य सरकार के माध्यम से निवेश करने में इच्छुक है। एजेन्सी द्वारा मुख्यतः मूल्य संवर्द्धन, आधारभूत संरचना निर्माण, क्षमता विकास, मार्केट लिंकेज, फसल विविधीकरण आदि योजनाओं में निवेश करने की संभावना तलाश रही है।प्रभात कुमार, अपर निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार-सह-प्रबंध निदेषक, वेजफेड द्वारा बताया गया कि वेजफेड अंतर्गत सब्जी उत्पादक किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि सब्जी के मूल्य संवर्द्धन, पीवीसीएस के आधारभूत संरचना निर्माण, सब्जी उत्पादक किसानों की क्षमता विकास, सब्जी विपणन की व्यवस्था आदि योजनाओं में निवेश की अपार संभावना है।

उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण साधन

इस बैठक में मंत्री सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार ने सहकारिता को ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाया है। राज्य सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं की मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न योजना चलाई जा रही है जिससें किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ हो रहा है।बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना राज्य के 20 जिलों में आच्छादित है। इन 20 जिलों में प्रखंड स्तर पर 302 प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति का गठन करते हुए तीन सब्जी संघों एवं वेजफेड का गठन किया गया है। इन पीभीसीएस में 43000 सब्जी उत्पादक किसान सदस्य है। योजना के उद्देष्यों के प्राप्ति के लिए सतत प्रयास किए जा रहे है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ओर मिलेगी मजबूती

मंत्री सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार पैक्स को बहुद्देशीय बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसके तहत पैक्सों को कृषि के साथ-साथ अन्य आर्थिक गतिविधियों में भी सक्षम बनाना है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ओर मजबूती मिलेगी। सहकारी समिति के सदस्यों को क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू किया गया है जिससें किसानों को आधुनिक तकनीक और प्रबंधन कौशल में दक्षता प्राप्त हो रही है। बैठक में सहकारिता मंत्री ने जेआईसीए के अधिकारियों को बिहार के सहकारिता मॉडल की सफलता की कहानियाँ बतायी और भविष्य में और भी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार, सहकारिता के माध्यम से राज्य के किसानों और ग्रामीण जनता की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है और जेआईसीए के साथ साझेदारी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

सड़क हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

पटना (रासासं): पटना में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना अंतर्गत दाहौर गांव के पास एनएच-31 की है। मृतका रुबीना खातून एक दिन पहले ही अपने ससुराल बाढ़ थाना अंतर्गत रैली इंग्लिश गांव से मायके बख्तियारपुर के मोगलपुरा बीघा गांव गई थी। शाम के वक्त देवर उसे लाने मायके गया था। महिला की 3 महीने पहले ही शादी हुई थी और उसका पति विदेश में रहता है। घायल युवक मो. इम्तियाज़ आलम ने बताया कि दाहौर गांव के पास एनएच-31 पर एक गाड़ी खड़ी थी जिसे पार करते समय बगल से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया और उसकी भाभी भी वहीं बेसुध पड़ी थी। राहगीरों के द्वारा उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी प्राथमिक उपचार की गई और महिला को अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राजेन्द्र राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक घायल इलाज के लिए बाढ़ आ चुके थे। घटनास्थल की जांच करने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक बरामद नहीं हो सकी है। घायल युवक के द्वारा घटनास्थल की जानकारी देने के बाद मामले की जांच की जाएगी। महिला की मौत सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से हुई है।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग सत्रः नई उम्मीद-एक बेहतर कल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की पहल के तहत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शीर्षक है - ह्यह्यनई उम्मीद - एक बेहतर कलह्लह्ल। विभिन्न संस्थानों में छात्रों के समग्र विकास के लिए विभिन्न योग कार्यक्रम, तनाव प्रबंधन कक्षाएं आयोजित की जा रही है।मंगलवार को राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान, मुंगेर अन्तर्गत बिहार स्कूल ऑफ योगा, मुंगेर के एक प्रशिक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया गया। उक्त सत्र में छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया तथा विभिन्न प्रकार के योग मुद्राएँ, आसन, श्वास अभ्यास तथा स्वस्थ रहने और जीवन में बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। विभाग का यह प्रयास है कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास पर भी बल दिया जाए।

बंगाली अखाड़ा में खुला मां दुर्गा का पट

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: आज से लोग देवी दर्शन कर सकेंगे। बंगाली अखाड़ा में दर्शन के लिए मां दुर्गा का पट खुल गया है। बंगाली अखाड़ा में पंचमी के दिन ही ही देवी के दर्शन के लिए पट खुल जाते हैं। यहां के पंडित लक्ष्मी कांत बनर्जी ने बताया कि बंगाली पद्धति के अनुसार मां का बोधन करके पूजा किया जाता है। बोधन करके मां को जगाया जाता है। बेल के पेड़ से पूजा की जाती है। कलश स्थापना के साथ मूर्ति पूजन की जाती है। इस साल अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही है। इस कारण पंचमी आधा-आधा दो दिन पड़ रहा है। षष्ठी के दिन मां को आमंत्रित किया जाएगा। सप्तमी के दिन नौ पेड़ को नदी में ले जाया जाता है और फिर यहां लाकर पूजा की जाती है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को एक ही पद्धति से पूजा की जाती है। अष्टमी और नवमी को संध्या आरती के बाद धुनुची नाच भी होता है। जिसमें महिलाएं धूप आरती से नृत्य करती हैं।

यहां पिछले 132 साल से मां की पूजा हो रही है और मूर्ति स्थापित की जाती है। पुष्पांजलि के दिन भक्त उपवास करके मां की आराधना करते हैं। फिर मंत्र उच्चारण होता है और पुष्पांजलि का फूल मां को अर्पित करके प्रसाद ग्रहण किया जाता है। दसवीं के दिन सिंदूर खेला भी होगा। जिसमें सुहागन महिलाएं मां की विदाई करेंगी। इस साल मां को बनारसी साड़ी से सजाया गया है। गणेश, कार्तिक के लिए धोती कोलकाता से आई है। हर दिन पूजा में तीन साड़ी, दो धोती और दो चादर चढ़ती है। पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी और नवमी को 5 दिनों तक मंत्र से स्नान करवाने के बाद वस्त्र बदला जाएगा। पूजा में 15 साड़ी, 24 गमछा, 10 धोती, 10 चादर, 15 जोड़ी शंका चूड़ी, 15 जोड़ी लाल चूड़ी, 15 लोहा चूड़ी की जरूरत पड़ती है। बंगाली अखाड़ा में सप्तमी, अष्टमी और नवमी को अलग-अलग भोग लगता है। सप्तमी और अष्टमी को खिचड़ी और नवमी के दिन पुलाव-मटर पनीर का भोग लगता है। देहरादूनी चावल से खिचड़ी बनेगी और भागलपुरी के कतरनी चावल से पुलाव बनाया जाएगा। तीनों दिन खीर ,पूरी, सब्जी, खीर, हलवा, दनौरी, पापड़, चटनी सहित 11 पकवानों का भोग लगता है।

जिले में 17 जगहों पर होगा रावण दहन

पटना जिला प्रशासन दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में हैं। जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। इस बार कृत्रिम तालाबों में प्रतिमा विसर्जन होगा। पूरे जिले में विजयादशमी के दिन 17 जगहों पर रावण दहन का कार्यक्रम होगा। मुख्य कार्यक्रम पटना के गांधी मैदान में होगा।जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर और एसएसपी राजीव मिश्रा ने पूजा पंडालों में भीड़भाड़, असामाजिक तत्वों से निपटने, स्नेचर और बाइकर्स पर नकेल कसने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा विसर्जन जुलूस को पुलिस स्कॉट देने के निर्देश दिए हैं।अगर कोई पूजा-पंडाल डीजे की तेज आवाज में विसर्जन के लिए जा रहा है, तो उससे परिस्थिति और स्वविवेक से निपटने के आदेश दिए हैं।

जैननेक्स्ट लैब तकनीकी नवाचारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

लैब राज्य में प्रशासनिक सुधारों और तकनीकी नवाचारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

जैननेक्स्ट लैब का उद्देश्य बिहार के प्रशासनिक अधिकारियों को अत्याधुनिक डेटा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बिहार में अत्याधुनिक जैननेक्स्ट लैब का उद्घाटन बिहार स्थित लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में मंगलवार को जैननेक्स्ट लैब विकसित चिंतन कक्ष और नीतिशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रशासनिक ढांचे को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इन आधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ हुआ। इस अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम द्वारा किया गया। यह लैब राज्य में प्रशासनिक सुधारों और तकनीकी नवाचारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।जैननेक्स्ट लैब का उद्देश्य बिहार के प्रशासनिक अधिकारियों को अत्याधुनिक डेटा.संचालित और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों से सुसज्जित करना है जिससे वे निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सटीक और प्रभावी बना सकें। यह लैब अधिकारियों को समकालीन डेटा और पूवार्नुमान प्रणाली से जोड़ने का कार्य करेगीए जिससे न केवल वे वर्तमान चुनौतियों का सामना कर सकेंगेए बल्कि आने वाली समस्याओं के लिए भी सक्रिय उपाय कर पाएंगे। साथ हीए विकसित चिंतन कक्ष एक ऐसा स्थान होगाए जहाँ उच्च स्तरीय नीति निर्माण और रणनीतिक विचार.विमर्श होंगे। नीतिशाला के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक शिक्षा का संगम मिलेगाए जिससे वे वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम बन सकें।इस उद्घाटन समारोह में कई प्रमुख अतिथियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में आदिल जैनुल भाइं अध्यक्ष क्षमता निर्माण आयोगय बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, बीके सिंह, विशेष मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय पंजाब जितेंद्र कुमार सिन्हा मुख्य सचिव त्रिपुरा, विनीत जोशी मुख्य सचिव, मणिपुर और केके पाठक, महानिदेशकबिपार्ड मौजूद थे। इस मौके पर बिहार और त्रिपुरा के बीच प्रशासनिक प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से त्रिपुरा प्रशासनिक प्रशिक्षण अकादमी के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इसके साथ ही मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की उपस्थिति में एक त्रिपक्षीय एमओयू भी संपन्न हुआ जो राज्य के प्रशासनिक प्रशिक्षण को और अधिक उन्नत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मत्स्य प्रभाग के कार्यो एवं उपलब्धियों के संबंध में की गई समीक्षा बैठक

पटना (रासासं): सारण परिक्षेत्र की राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विडियोकॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई। उक्त बैठक में उपस्थित उप मत्स्य निदेशक, सारण परिक्षेत्र तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण, सिवान एवं गोपालगंज को वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निदेशित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाओं के सभी अवयवों हेतु लक्ष्य के अनुरूप ऑनलाईन आवेदन सृजित कराने, चयन समिति एवं जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में डी.एल.सी. कराकर योजनावार, अवयववार एव कोटिवार कायार्देश निर्गत कराने के लिए कहा गया, जिससे ससमय शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा सके। साथ ही उप मत्स्य निदेशक सारण परिक्षेत्र, को अवयववार सभी संबंधित जिलों की सघन समीक्षा करने तथा योजना के लाभुकों को नियमानुसार कायार्देश एवं अनुदान भुगतान हेतु अपेक्षित कार्रवाई करने के लिए कहा गया।

हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में जीत के बाद जश्न का माहौल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

बिक्रम : हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के शानदार विजय पर और भाजपा की पूर्ण बहुतम की सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी बिक्रम नगर मंडल एवम् बिक्रम ग्रामीण मंडल की ओर से ढोल नागरा एवम् मिठाई के साथ जश्न का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष तेज नारायण शर्मा एवम् अविनाश कुमार उपाध्याय ने किया । कार्यकर्त्ताओ को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि जम्मू काश्मीर में भाजपा की शानदार जीत हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की जीत यह जीत लोकतंत्र की जीत है । हरियाणा एवम जम्मू काश्मीर की जनता ने भाजपा को अपनाया । देश की जनता के साथ राज्य हरियाणा एवम् जम्मु काश्मीर की जनता ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनके विकाश कार्य पर विश्वास कर मोदी को वोट दिये इस कार्यकर्म में जिला कोषाध्यक्ष अभिशेख रंजन मोन्टी विधान सभा संयोजक निरज कुमार पूर्व मुखिया अभय सिंह पूर्व मुखिया अनिल कुमार मुकेश सिंह राकेश कुमार सूर्य नारायण सिन्हा पंकज कुमार सिंह सतीश शर्मा विशाल केशरी प्रकाश कुमार योगेश तिवारी विमल कुमार हर्ष कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कबड्डी चैंपियनशिप के आयोजन से महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा : जीवेश मिश्रा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

पटना: स्व. विनय सिंह जी के पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी के नेतृत्व में एक दिवसीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन दयानंद कन्या उच्च विद्यालय मीठापुर, पटना में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह जाले के विधायक जिवेश मिश्रा जी, बतौर विशिष्ट अतिथि दीघा विधायक संजीव चौरसिया जी एवं बिहार बाल संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सिंह शामिल हुए। इस कबड्डी चैंपियनशिप के रोमांचक

मुकाबले में पटना की टीम ने मराची (मुंगेर) की टीम को 3 प्वाइंट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया इस चैंपियनशिप में पटना की टीम ने 52 प्वाइंट हासिल किए वहीं मराची (मुंगेर) की टीम ने 49 प्वाइंट हासिल किए। खेल में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु पटना टीम की कल्पना कुमारी को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया।उक्त अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जिवेश मिश्रा जी ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा महिला कबड्डी चैंपियनशिप के आयोजन से महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और कबड्डी जैसे परंपरागत खेल को बढ़ावा मिलेगा।उक्त अवसर पर दीघा के विधायक संजीव चौरसिया ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ सदैव पुराने खेलो को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत रहती है कबड्डी जैसे खेल का आयोजन करना सराहनीय कार्य है और इससे कबड्डी जैसे खेल के प्रति आज के युवाओं में रुझान बढ़ेगा।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.
पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवलिक स्माल फाइनेंस बैंक एल के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन के बावजूद उनके द्वारा भुगतान नही किया गया है। बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगें और सूचनाएं। अल बोर्तोवे एहरसैब ने आपको सूचित किया है कि उसे गोल्ड अमामेंट्स के लिए तय किया गया है बैंक के पास सुरक्षा रखी गई थी और तदनुसार **23.10.2024** को नीलामी की तारीख तय की गई थी और **दोपहर 03:00** बजे शाखा परिसर से यहां ओन का लाभ उठाया गया था। अल कर्जदारों, खाताधारकों और पब्लिक कैटलार्ग सहित, नीलामी की शर्तों और शर्तों में भाग ले सकते हैं।

शाखा	खाता नंबर	खाता धारक का नाम	पिता/पति/पत्नी का नाम	पता	खाता खुलने की तिथि	भुगतान करें
गाजियाबाद	101542514386	रवि एस कुमार	बिजय कुमार	65, बरौन, नवादा नवादा बिहार 805106	02/04/2024	18689.38
इंदिरापुरम	101942517778	मनीषा कुमारी	मदन मोहन झा	101, दोलख, वार्ड नं 10 द्वालख मधुबनी बिहार 847408	04/06/2024	81049.37
इंदिरापुरम	101942517761	राहुल के कर्ण	महेंद्र कर्मा	परसा, पी0 श्रीपुर मजरहिया, समस्तीपुर, बिहार 847105	03/06/2024	198589.89

नीलामी तिथि 23.10.2024 @ 03:00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।